अम्बे तू है जगदम्बे काली

माँ दुर्गा आरती

Pdf9.in

अम्बे तू है जगदम्बे काली आरती

अम्बे तू है जगदम्बे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली ।
तेरे ही गुण गायें भारती, ओ मैया हम सब उतारें तेरी आरती ।।

तेरे भक्त जनों पे माता, भीड़ पड़ी है भारी ।
दानव दल पर टूट पड़ो माँ, करके सिंह सवारी ।।

सौ-सौ सिंहों से तु बलशाली, दस भुजाओं वाली ।
दुखिंयों के दुखड़े निवारती, ओ मैया हम सब उतारें तेरी आरती ।।

माँ बेटे का है इस जग में, बड़ा ही निर्मल नाता ।
पूत कपूत सूने हैं पर, माता ना सुनी कुमाता ।।

सब पर करुणा दरसाने वाली, अमृत बरसाने वाली ।
दुखियों के दुखड़े निवारती, ओ मैया हम सब उतारें तेरी आरती ।।

नहीं मांगते धन और दौलत, न चाँदी न सोना ।
हम तो मांगे माँ तेरे मन में, इक छोटा सा कोना ।।

सब की बिगड़ी बनाने वाली, लाज बचाने वाली ।
सतियों के सत को संवारती, ओ मैया हम सब उतारें तेरी आरती ।।

अम्बे तू है जगदम्बे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली ।
तेरे ही गुण गायें भारती, ओ मैया हम सब उतारें तेरी आरती ।।

Pdf9.in